आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 25.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उत्तराखण्ड में सैनिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून में 'वैली ऑफ वड्र्स' इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के 9वें संस्करण का शुभारंभ किया।
- श्री केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान। बाबा केदार की शीतकालीन पूजा हुई शुरू।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**<u>रक्षा मंत्री मुलाकात</u>**

प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड में सैनिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और चल रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों के हित में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। श्री जोशी ने रक्षा मंत्री को राज्य में निर्माणाधीन सैन्यधाम परियोजना की प्रगति की जानकारी भी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और रक्षा मंत्रालय की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**<u>वैली ऑफ वड्र्स</u>**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून में 'वैली ऑफ वड्र्स' इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के 9वें संस्करण का शुभारंभ किया। दो दिवसीय इस फेस्टिवल में देश–विदेश के अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक, कलाकार और विचारक भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न सत्रों में अपने विचार और अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गुरु तेग

बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर आधारित भावपूर्ण "शब्द वाणी" प्रस्तुति से हुई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन संवाद, विचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि 'वैली ऑफ वड्र्स' के माध्यम से उत्तराखण्ड की समृद्ध कला, संस्कृति और साहित्य को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिल रही है। राज्यपाल ने कहा कि साहित्य के माध्यम से हमारी राष्ट्रीय विरासत, इतिहास और संस्कृति को उजागर करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान 'वैली ऑफ वड्र्स' के निदेशक डॉ. संजीव चोपड़ा ने फेस्टिवल के उद्देश्यों की जानकारी दी।

**आर्थिक सहायता**

उत्तरांचल ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधियों ने आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान बैंक प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड में आपदा प्रभावितों की सहायता और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 35 लाख 49 हजार 371 रुपए की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की। वहीं, देहरादून के एक निजी स्कूल प्रबंधन ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आपदा पुनर्निर्माण के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए बैंक और स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावितों की सहायता और पुनर्निर्माण कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा समाज के सभी वर्गों द्वारा किया गया सहयोग अत्यंत सराहनीय है और इससे पीड़ितों को राहत प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी।

**छठ पर्व**

लोक आस्था का महापर्व, छठ आज नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है। चार दिन तक चलने वाला ये पर्व सूर्य देव को समर्पित है। प्रकृति की पूजा और स्वच्छता का प्रतीक ये पर्व समूचे देश और विश्व में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। पर्व के दूसरे दिन खरना होता है। खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने व्रत रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के भक्तिभाव को नमन किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में छठी मैया से सभी लोगों की सुख–समृद्धि की प्रार्थना की है।

राजधानी देहरादून में छठ महापर्व पर घर–घर में प्रसाद बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं बाजारों में पूजा सामग्री की खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। पुलिस–प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

**केदारनाथ डोली**

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित पंचकेदार में प्रमुख श्री केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली आज अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में विराजमान हो गई है। अब अगले छह माह तक श्रद्धालु, बाबा केदार के दर्शन यहीं पर कर सकेंगे। सेना की बैंड धुनों और बाबा के जयकारों के बीच सैकड़ों भक्तों के साथ बाबा केदार की डोली सेमी–भैंसारी, विद्यापीठ, जैवीरी, देवदर्शनी होते हुए दोपहर ओंकारेश्वर मंदिर पहुंची। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने बाबा केदार का पुष्प–अक्षत के साथ स्वागत किया। उत्सव डोली ने ओंकारेश्वर मंदिर की परिक्रमा की। वहीं, मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने बाबा केदार की आरती उतारी। इसके बाद रावल भीमाशंकर लिंग की मौजूदगी में चल विग्रह उत्सव डोली से बाबा केदार की भोग मूर्तियों को उतारा गया और ओंकारेश्वर मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया गया। इसके साथ ही बाबा केदार की शीतकालीन पूजा भी शुरू हो गई है। इससे पहले आज विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी में उत्सव डोली की विशेष पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद डोली ने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान किया।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

## विज्ञान व प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग

उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् देहरादून के तत्वावधान में आज बागेश्वर के पी.एम. श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज, में प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इसमें बागेश्वर, गरुड़ और कपकोट विकासखंडों के विभिन्न विद्यालयों की छात्र–छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में आधुनिक विज्ञान, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम के समन्वयक दीप जोशी ने विजेता टीमों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतिभागी छात्रा पलक पंत ने कहा कि यह अनुभव बहुत प्रेरणादायक रहा।

जिले से पहला स्थान प्राप्त करने वाली पंतक्वैराली विद्यालय की टीम अब आगामी राज्य स्तरीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में भाग लेगी। इसका आयोजन 20वें राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन के साथ देहरादून में प्रस्तावित है।

## महिला क्रिकेट टीम

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने प्रदेश की अंडर–19 महिला क्रिकेट टीम का चयन कर लिया है। यह चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के घरेलू सत्र 2025–26 के लिए किया गया है, जिसमें युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। चयन प्रक्रिया में राज्यभर से सैकड़ों प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतिम टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड की सचिव किरण वर्मा रौतेला ने कहा कि चयन ट्रायल अक्टूबर के प्रारंभिक दिनों में विभिन्न जिलों में आयोजित किए गए थे। ट्रायल में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के आधार पर खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया गया। यह टीम आगामी अंडर–19 महिला चैलेंजर ट्रॉफी और अन्य बीसीसीआई टूर्नामेंटों में भाग लेगी। सोलह खिलाड़ियों की टीम में भूमि उमर कप्तान और कनिका उप कप्तान होंगी।

## युवा महोत्सव

बागेश्वर के पी.एम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज, में युवा महोत्सव के अन्तर्गत विज्ञान मेला, भाषण, कहानी लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर

के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान अलग–अलग वर्गों में पहले तीन स्थानों पर आने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी गणेश धपोला ने बताया कि पहला स्थान प्राप्त करने वाले युवा, राज्य स्तर पर देहरादून में चार नवम्बर को प्रस्तावित, प्रतियोगिता में भाग लेंगे।